पाकिस्तान में हिन्दुओं के धर्म-स्थान

*२३२८. श्री प्रकाश वीर शास्त्री : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे

(क) पाकिस्तान में छूटे सनातन धर्म मंदिरों, आर्य समाज मंदिरों और गुरुद्वारों की कितनी कितनी कीमत बैठती है,

(ख) सरकार ने पाकिस्तान से उनकी पवित्रता बनाये रखने के लिये क्या कोई आश्वासन प्राप्त कर लिया है, और

(ग) ये धर्म-स्थान आज वहां कहां तक आवास के कार्यों के लिये प्रयोग में लाये जा रहे हैं ?

वैदेशिक-कार्य उपमंत्री (श्रीमती लक्ष्मी मेनन) (क) शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिक्ख गुरुद्वारों और उनके साथ लगी चल और अचल संपत्ति के मूल्य का अनुमान लगभग ११ करोड़ रुपए लगाया है। सनातन धर्म और आर्य समाज मंदिरों के मूल्य का अनुमान प्राप्त करने की कोशिश की जा रही है।

(ख) अगस्त, १९५३ में भारत और पाकिस्तान की सरकारों के बीच जो करार हुआ था, उसके अनुसार, दोनों सरकारों को हर तरह का प्रयत्न करना है कि दोनों देशों में धार्मिक पूजा स्थानों की उचित रीति से रक्षा की जाय, उन्हें बनाए रक्खा जाय और उनकी पवित्रता कायम रक्खी जाय।

(ग) विभाजन के बाद से, पश्चिम पाकिस्तान में अनधिकृत लोगों द्वारा हिन्दू सिक्ख देवस्थानों पर कब्जा करने के २४ मामलों की रिपोर्ट मिली है, जिनके बारे में पाकिस्तान सरकार का ध्यान दिलाया गया है। लाहौर-स्थित देव समाज मंदिर और शीतला मंदिर के दो मामलों में पाकिस्तान सरकार अनधिकृत लोगों को निकालने के लिए राजी हो गई है। अन्य मामलों के बारे में पाकिस्तान सरकार के अंतिम उत्तर की प्रतीक्षा की जा रही है।

पाइप और ट्यूबों के निर्माण के कारखाने

*२३२९. { श्री नरदेव स्नातक :
श्री रा० स० तिवारी :

क्या वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि सरकार पाइप और ट्यूबों के निर्माण के लिये और कारखाने स्थापित करने के प्रयत्न कर रही है, और

(ख) क्या यह भी सच है कि पाइप और ट्यूबों तथा विशेष रूप से कन्डयूइट ट्यूबों के निर्माण के लिये एक भारतीय इंजीनियरिंग कम्पनी ने भारत में एक बड़ा कारखाना स्थापित किया है ?

उद्योग मंत्री (श्री मनुभाई शाह) (क) और (ख) इस समय इस्पात के पाइपों और ट्यूबों का निर्माण आठ फर्में और कन्डयूइट पाइपों तथा फिटिंगों का निर्माण ग्यारह फर्में करती हैं। तेल ले जाने के पाइप बनाने का एक कारखाना स्थापित करने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है।

Lajpat Nagar (New Delhi)

*2330. **Shrimati Sucheta Kripalani:** Will the Minister of **Rehabilitation and Minority Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government had originally proposed to charge market price of land prevailing at the time of raising structures plus development charges from allottees in Lajpat Nagar (New Delhi); and

(b) if so, the reasons for changing the basis for evaluating the property?

The Minister of Rehabilitation and Minority Affairs (Shri Mehr Chand Khanna): (a) No

(b) Does not arise